भारत सरकार, गृह मंत्रालय Govt. of India, Ministry of Home Affairs

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक),कोटा

Town Official Language Implementation Committee (Banks), Kota

संयोजक-भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय कोटा Convener-State Bank of India, AO- Kota

प्रशासनिक कार्यालय - 5 कोटा बी - 33 औद्योगिक क्षेत्र , कोटा -324007

✆ : 0744-2366912 / 2361817 Fax : 0744-2361815 E-mail : dgm.zokota@ sbi.co.in

सदस्य सचिव Mem.Secretary-9008295522 Email- narakaskotabank@sbi.co.in/bhoopesh.vaisnav@sbi.co.in

दिनांक 06.09.2018 को आयोजित नराकास (बैंक) कोटा की 7वीं अर्द्धवार्षिक बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 06.09.2018 को नराकास (बैंक) कोटा की 7वी अर्द्धवार्षिक बैठक श्री ललित जे. माहेश्वरी, उप-महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय-कोटा की अध्यक्षता में होटल सूर्या प्राइम में आयोजित हुई ।

(1) बैठक की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई । नराकास सदस्य सचिव श्री भूपेश कुमार वैष्णव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। श्री ललित जे. माहेश्वरी, उ.म.प्र., भारतीय स्टेट बैंक ने अध्यक्षता की एवं इसके अतिरिक्त सदस्य कार्यालयों से श्री आर. के. मीना, क्षेत्रीय प्रबन्धक-बैंक ऑफ बड़ोदा व श्री शरद दातार, सहायक महाप्रबंधक- पंजाब नैशनल बैंक मंच पर उपस्थित थे |
(2) सदस्यों का परिचय- बैठक की शुरुआत में बैठक में उपस्थित नराकास (बैंक) कोटा के सभी सदस्यों ने अपना परिचय दिया।
(3) श्री एच.पी.गुप्ता, मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा माननीय गृह-मंत्री जी का हिन्दी दिवस पर प्रेषित संदेश का वाचन किया गया एवं श्री ओम दत्त सैनी, व.प्रबन्धक-बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने माननीय वित्त मंत्री जी का हिन्दी दिवस पर प्रेषित संदेश का वाचन किया |
(4) पिछले बैठक के कार्यवृत की पुष्टी- सदस्य सचिव श्री भूपेश कुमार वैष्णव ने सूचित किया कि पिछली बैठक दिनांक 17.04.2017 का कार्यवृत्त सभी सदस्यों को भेज दिया गया है जिसकी सर्वसम्मती से पुष्टी की गई।
(5) पिछली बैठक में लिए गए निर्णयो पर की गई कार्रवाई- 1).नराकास कोटा(बैंक) की वेब साइट का विमोचन किया गया | 2) तिमाही आधार पर प्रत्येक कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन होना | जून तिमाही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एवम् सितंबर तिमाही में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रतियोगिताओं एवम् कार्यशाला का आयोजन किया गया ।
(6) अर्द्ध वार्षिक हिंदी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा: श्री भूपेश कुमार वैष्णव, सदस्य सचिव, नराकास कोटा(बैंक) ने सदस्य बैंको से प्राप्त अर्द्ध वार्षिक हिंदी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की तथा रिपोर्ट में पायी गई कमियों की तरफ सदस्यों का ध्यान आकर्षित किया तथा उन्हे दूर करने के लिए कहा। सभी बैंको से अर्द्ध वार्षिक हिंदी प्रगति रिपोर्ट नियमित एवं समय पर भेजने हेतु आग्रह किया। साथ ही उन्होने निम्नलिखित का सदस्यों को अवगत कराया- 1) **धारा-3(3)** के अंतर्गत जारी होने वाले सभी 14 कागजात अनिवार्य रुप से हिंदी एवं अंग्रेजी दोनो भाषाओं में जारी किए जाए। 2) **राजभाषा नियम** 5- हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिये जाए। 3) हिंदी पत्राचार के लिए **निर्धारित लक्ष्य 100** प्रतिशत प्राप्त किया जाये । 4) **राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठक** प्रत्येक तिमाही में नियमित रुप से आयोजित की जाय। 5) जिस शाखा में 80% से अधिक कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है उन शाखाओं को **नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित करवाया जाये ।**
(7) मंचासीन श्री आर. के. मीना, क्षेत्रीय प्रबन्धक- बैंक ऑफ बड़ोदा व श्री शरद दातार, सहायक महाप्रबंधक- पंजाब नैशनल बैंक इत्यादि ने बैंको में राजभाषा कार्यान्वयन के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए ।
(8) चर्चा सत्र: उपस्थित नाराकास, कोटा(बैंक) के सभी सदस्यों ने बैंक में राजभाषा कार्यान्वयन संबन्धित अपने अपने विचार व्यक्त किए |

09.अर्द्धवार्षिक राजभाषा प्रगति रिपोर्ट नियमित एवं समय पर भेजने संबंधी चर्चा-बैठक में सदस्य सचिव द्वारा सभी सदस्यों कों सूचित किया गया कि **अर्द्धवार्षिक राजभाषा प्रगति रिपोर्ट नियमित एवं समय पर भेजे** ताकि समय पर समेकन कार्य किया जा सके ।
10.द्विभाषी/त्रिभाषी रबर मुहरों का प्रयोग- सदस्य सचिव ने बैठक में सभी सदस्यों कों सूचित किया कि **कार्यालयीन कामकाज में द्विभाषी/त्रिभाषी रबर मुहरों का प्रयोग किया जाय। केवल अंग्रेजी रबर मुहरों को नष्ट किया जाए।**
11)"चंबल भारती" पत्रिका के लिए सामग्री (लेख,कविता,कहानी) का प्रेषण- बैठक में सभी सदस्यों कों **पत्रिका के लिए सामग्री (लेख,कविता,कहानी एवं हिन्दी माह के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम) भेजने के लिए** सूचित किया गया।
12).नराकास की आगामी गतिविधियों संबंधी निर्णय:- 1) सभी सदस्य कार्यालयों को अगली छमाही से ऑनलाइन हिंदी प्रगती रिपोर्ट का प्रेषण। 2) तिमाही आधार पर प्रत्येक कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन हेतु निम्मप्रकार कलैण्डर निर्धारित:- **जून तिमाही(जुलाई माह)**: भारतीय स्टेट बैंक **सितंबर तिमाही(अक्तुबर)**: बैंक ऑफ बड़ौदा **दिसंबर तिमाही(जनवरी)** : सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया **मार्च तिमाही(अप्रेल)**: बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 3) अक्टूबर माह में कवि सम्मेलन एवम् संयुक्त हिन्दी दिवस का आयोजन, जिसमें सभी सदस्य कार्यालयों की शहर में स्थित सभी शाखाओं को आमंत्रित करना | 4) नराकास की गृह-पत्रिका को सॉफ्ट कॉपी के रूप में प्रकाशित करना एवं उसकी प्रति वेब साइट पर अपलोड करना | 5) नराकास पत्रिका हेतु लेखन को प्रोत्साहित करने हेतु रचनाकारों को प्रति रचना हेतु 300/- मानदेय प्रदान करना । 6) पत्रिका हेतु रचना प्राप्त करने के लिए वेब साइट में एक अलग से कॉलम का निर्माण किया जाये । ताकि प्रविष्टि ऑनलाइन प्राप्त की जा सकें ।
(13) **अध्यक्षीय भाषण**-अध्यक्ष महोदय श्री ललित जे. माहेश्वरी, उ.म.प्र., भारतीय स्टेट बैंक ने कहा कि हम सभी को राजभाषा नीति एवं राजभाषा अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करना है। उन्होने सभी सदस्य बैंको को नराकास के प्रति उनके दायित्वो से अवगत कराते हुए सभी सदस्य बैंको से नराकास की गतिविधियो में सक्रिय रुप से भाग लेने हेतु अनुरोध किया, साथ ही उन्होने समय पर राजभाषा प्रगति रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देश दिया । उन्होने सदस्य बैंको से अपने कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग को बढाने एवं प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया।
14.**अगली बैठक के लिए तारीख तय करना-** अप्रैल 2019 में अगली बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया । तारीख और समय बाद में सूचित किया जाएगा।
15.**धन्यवाद ज्ञापन-** श्री अजय शर्मा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

सदस्य सचिव नराकास,कोटा(बैंक)

Member Secretary
TOLIC, Kota (Banks)

अध्यक्ष नराकास, कोटा (बैंक)
Chairman, TOLIC, Kota (Banks)

उपस्थित सदस्यों की सूची

क्र.सं.	नाम	पदनाम	शाखा/कार्यालय
1	श्री ललित जे. माहेश्वरी	अध्यक्ष	भारतीय स्टेट बैंक
2	श्री आर.के. मीना	क्षेत्रीय प्रबन्धक	बैंक ऑफ बडोदा
3	श्री शरद दातार	सहायक महाप्रबंधक	पंजाब नेशनल बैंक
4	श्री एच.एल. मीना	क्षेत्रीय प्रबन्धक	ब.रा.क्षे.ग्रा.बैंक
5	श्री अजय शर्मा	उप-क्षेत्रीय प्रबन्धक	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
6	श्री सी.एस. पांचोली	उप-क्षेत्रीय प्रबन्धक	ब.रा.क्षे.ग्रा.बैंक

7	श्रीमति उर्मिला झा	प्रबन्धक	पंजाब एंड सिंध बैंक
8	श्री प्रेम पाल सिंह मीना	मुख्य प्रबन्धक	ओरिंटल बैंक ऑफ कॉमर्स
9	श्री ओम दत्त सैनी	व. प्रबन्धक	बैंक ऑफ महाराष्ट्र
10	श्री मनीष कुमार	मुख्य प्रबन्धक	देना बैंक
11	श्री तनु श्री	अधिकारी	केनरा बैंक
12	श्री महेन्द्र कुमार मीना	प्रबंधक	आई.डी.बी.आई. बैंक
13	श्री राजीव कुमार सिंह	राजभाषा प्रभारी	पंजाब नेशनल बैंक
14	श्री भरत लाल मीना	प्रबन्धक	ब.रा.क्षे.ग्रा.बैंक
15	श्री सुनील प्रसाद	सहायक प्रबन्धक(राजभाषा)	यूनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया
16	श्री कुलदीप	सहायक प्रबन्धक	यूनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया
17	श्री रामराज मीना	प्रबन्धक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
18	श्री अनिल कुमार	मुख्य प्रबन्धक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
19	श्री रवि गिरराज	व.प्रबन्धक(राजभाषा)	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
20	श्रीमती ममता मीना	प्रबन्धक	इलाहाबाद बैंक
21	श्री एच.पी.गुप्ता	मुख्य प्रबन्धक	बैंक ऑफ इंडिया
22	श्री धीरज वर्मा	लिपिक	बैंक ऑफ इंडिया
23	श्री अभिषेक शर्मा	उप-प्रबन्धक	भारतीय स्टेट बैंक
24	श्री देवा लाल बैरवा	व. प्रबन्धक	इंडियन बैंक
25	श्री अवनीश जैन	अधिकारी	बैंक ऑफ बडोदा
26	श्री दिलीप कुमार मेहता	प्रबन्धक	आंध्रा बैंक
27	श्री महेंद्र सिंह	मुख्य प्रबंधक	यूको बैंक
28	श्री पी.पी. सिन्हा	वरिष्ठ प्रबंधक	केनरा बैंक
29	श्री सुरेन्द्र अग्रवाल	सहायक	आई.डी.बी.आई. बैंक
30	श्रीमती सुशीला बंशल	उप-प्रबंधक	भारतीय स्टेट बैंक
31	श्री भूपेश कुमार वैष्णव	सदस्य सचिव, नराकास-कोटा(बैंक)	भारतीय स्टेट बैंक

अनुपस्थित सदस्य कार्यालयों की सूची

क्र.सं.	बैंक का नाम	क्र.सं.	बैंक का नाम
1	कार्पोरेशन बैंक	4	सिंडीकेट बैंक
2	नाबार्ड	5	विजया बैंक
3	इंडियन ओवरसीज बैंक		

सदस्य सचिव नराकास(बैंक),कोटा

Member Secretary
TOLIC (Banks), Kota

अध्यक्ष नराकास (बैंक) कोटा
Chairman, TOLIC (Banks), Kota

पत्र संख्या: नराकास(बैंक)/कोटा/5/4 **दिनांक:26.09.2017**

प्रभारी
ऑनवर्ड न्यूज़ अजेंसी कोटा

महोदय,

कृपया निम्नलिखित प्रेस विज्ञप्ति स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का श्रम करें |

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोटा(बैंक) की छमाही बैठक का आयोजन सम्पन्न

माननीय श्री ललित जे. माहेश्वरी, अध्यक्ष नराकास, कोटा(बैंक) की अध्यक्षता में दिनांक 26.09.2017 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोटा(बैंक) की छमाही बैठक का आयोजन किया गया. नराकास बैठक में स्थानीय बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक, शाखा प्रबंधक तथा राजभाषा अधिकारी/प्रभारी उपस्थित हुए. इस बैठक में निर्णयारूप किये गये कार्यो एवं छमाही के दौरान बैंकों में हिंदी में निष्पादित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई . नराकास द्वारा आयोजित हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों एवं छमाही के दौरान श्रेष्ठ कार्य निष्पादन करने वाले सदस्य कार्यालयों को पुरस्कृत किया गया.
कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री शरद दातार, सहायक महाप्रबंधक-पंजाब नेशनल बैंक द्वारा हिंदी दिवस पर माननीय गृहमंत्री जी का हिन्दी दिवस पर प्रेषित सन्देश का वाचन किया उसके बाद श्री मनोज कुमार मुख्य-प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक द्वारा माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा हिन्दी दिवस पर प्रेषित संदेश का वाचन किया.
मंचासीन कार्यपालकों ने हिन्दी भाषा एवं व्यवसाय की महत्ता पर चर्चा की. कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्‌बोधन में श्री ललित जे. माहेश्वरी, अध्यक्ष-नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति-कोटा(बैंक) ने सभी सदस्य कार्यालयों को राजभाषा कार्यान्वयन के महत्त्व को बताया साथ ही यह बताया कि नराकास जैसी समिति हमारे इस कार्यन्वयन में किस प्रकार सहयोग प्रदान करती है.
छमाही के दौरान उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए प्रशासनिक कार्यालय का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को दिया गया एवं शाखा स्तर पर प्रथम बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वितीय पंजाब नेशनल बैंक तृतीय यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया रहे. कार्यक्रम का संचालन समिति के सदस्य सचिव श्री भूपेश कुमार वैष्णव द्वारा किया गया. कार्यक्रम के अंत में श्री सुरेश यादव, मुख्य प्रबन्धक-बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया.

अध्यक्ष,

नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति-कोटा(बैंक)

कार्यालय प्रमुख/शाखा प्रमुख
सभी सदस्य बैंक
नराकास (बैंक) कोटा

महोदय/महोदया,

<u>प्रशासनिक कार्यालय/शाखा स्तर पर उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु पुरस्कार |</u>

उपर्युक्त संदर्भ में सहर्ष सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बैंकों को गत छ:माही(1 जनवरी-2017 से 30 जून-2017 तक) के लिए प्रशासनिक कार्यालय/शाखा स्तर पर उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु पुरस्कार प्रदान किया जाता है:-

क्र.सं.	बैंक	कार्यालय/शाखा प्रमुख का नाम	पुरस्कार	स्तर
1	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	श्री सी.जे. कोटेचा, उप-मप्रबंधक	सर्वश्रेष्ठ	प्रशासनिक कार्यालय
2	बैंक ऑफ महाराष्ट्रा	श्री सुरेश कुमार यादव, शाखा-प्रबन्धक	प्रथम	शाखा स्तर
3	पंजाब नेशनल बैंक	श्री शरद दातार, सहा-महाप्रबंधक	द्वितीय	
4	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	श्रीमती आकांक्षा- शाखा प्रबन्धक	तृतीय	

उक्त सभी बैंकों एवं उनके कार्यालय/शाखा प्रमुखों को बहुत बहुत बधाइयाँ, साथ ही अनुरोध है कि शील्ड एवं प्रमाण-पत्र गृहण करने हेतु दिनांक 26.09.2017 को प्रायोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति-कोटा(बैंक) की छ:माही बैठक में अवश्य उपस्थित होवें |

भवदीय

अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक),कोटा

<u>हिन्दी माह के उपलक्ष्य में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम |</u>

उपर्युक्त संदर्भ में सहर्ष सूचित किया जाता है कि नराकास के तत्वावधन में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दिनांक 20.09.2017 को आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम निम्नप्रकार है:-

क्र.सं.	नाम	बैंक	पुरस्कार
1	श्रीमती आकांक्षा	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	प्रथम
2	श्री रामचरण धूत	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	द्वितीय
3	श्री ओमदत्त सैनी	बैंक ऑफ महाराष्ट्रा	तृतीय

सभी विजेता प्रतिभागियों को बहुत बहुत बधाइयाँ, साथ ही अनुरोध है कि पुरस्कार गृहण करने हेतु दिनांक 26.09.2017 को प्रायोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति-कोटा(बैंक) की छमही बैठक में अवश्य उपस्थित होवें |

भवदीय

अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक),कोटा

शाखा प्रबन्धक,
इंडस्ट्रियल स्टेट-कोटा

विषय: बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(बैंक)कोटा की खाता संख्या:61288123441में अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव का नाम एवं हस्ताक्षर अद्‍यतन करने बाबत |

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको सूचित किया जाता है कि खाता "नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोटा(बैंक)" खाता संख्या: 61288123441 को संचालित करने वाले पदाधिकारियों का स्थानांतरण हो गया है | नये पदाधिकारियों का नाम, पदनाम एवं हस्ताक्षर निम्नप्रकार हैं:-

नाम	पदनाम	हस्ताक्षर
श्री ललित जे. माहेश्वरी	अध्यक्ष, उप-महाप्रबंधक	
श्री भूपेश कुमार वैष्णव	सदस्य सचिव, उप-प्रबन्धक(राजभाषा)	

उक्त संबंध में आपसे निवेदन है कि उक्त खाता संचालकों को अद्‍यतन करने का श्रम करें |

सदस्य सचिव,
नराकास(बैंक)-कोटा

कार्यालय प्रमुख/शाखा प्रमुख
सभी सदस्य बैंक
नराकास (बैंक) कोटा

महोदय/महोदया,

<u>राजभाषा प्रभारियों/अधिकारियों की विशेष बैठक |</u>

उपर्युक्त संदर्भ में सहर्ष सूचित करते है कि सितंबर माह में होने वाली नराकास अर्द्धवार्षिक बैठक के आयोजन से पूर्व दिनांक 20.09.2017 समय: अपराह्न 3.30 बजे राजभाषा प्रभारियों/अधिकारियों/राजभाषा से जुड़े स्टाफ सदस्यों के लिए "विशेष बैठक" आयोजित की जा रही है | उक्त संबंध में सभी सदस्य कार्यालयों से से अनुरोध है कि अपनी बैंक के राजभाषा प्रभारी/अधिकारी/राजभाषा से जुड़े स्टाफ सदस्य को उक्त बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देश देवें | साथ ही आपको सूचित किया जाता है कि उक्त बैठक के साथ इसी दिनांक को अपराह्न 4.00 से 5.00 बजे तक हिन्दी माह के उपलक्ष्य में नाराकास के तत्वावधन में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा "प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता" का आयोजन किया जायेगा उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु अपनी शाखा से न्यनतम दो(2) स्टाफ सदस्यों को भेजकर प्रतियोगिता को सफल बनायें |

<u>बैठक एवं प्रतियोगिता का स्थान:-</u>

भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय-कोटा

बी - 33 औद्योगिक क्षेत्र , कोटा -324007

भवदीय

अध्यक्ष

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक),कोटा